# हादसों से कब, कौन सबक लेगा..

- जिले में 14 अप्रैल से अब तक 18 से अधिक मौत हो चुकी है,
- ओवरलोडिंग से 7 लोगों की जान गई जबकि 40 घायल हुए

नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 29 अप्रैल, का. बीते 10 दिनों में जिले में सड़क हादसों में 13 लोगों ने जान गंवाई. सभी हादसे लापरवाही के कारण हुए और मानवक्षति हुई. बड़े हादसों में सामने आया है कि गैर सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे. वाहन पलटी खाए और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए और मौतें भी हुई. वहीं यातायात नियमों की अनदेखी, यातयात विभाग की सुस्ती के कारण भी बेखौफ होकर वाहन चालकों ने हाईवे पर दनदनाते हुए वाहन चलाए और परिणति दुर्घटनाओं के रूप में सामने आई. इन हादसों के बाद भी पुलिस और यातायात विभाग की नींद नहीं खुली है.लोडिंग वाहनों और ट्रॉलियों में खचाखच सवारियों को दिन और रात में हाईवे पर सफर करते हुए देखा जा सकता है. इन्हें ना कोई रोकने वाला है और ना ही समझाईश देने वाला है.**

साथ ही हादसों के बावजूद लोगों में हैलमेट लगाने, रात के समय हाईवे पर संभलकर चलने की सीख और हिदायतें नजर नहीं आती. वहीं रात के समय तेज रफ्तार वाहनों को देखने की भी किसी को फुर्सत नहीं है.



### बीते दिनों में कब कहां हादसे हुए

- 27 अप्रैल की रात पचोर के समीप खुजनेर रोड़ पर पिकअप में करीब दो दर्जन लोग सवार थे . ट्रक की टक्कर से वाहन पलट गया, **2 महिलाओं की मौत** हो गई जबकि 21 लोग घायल हो गए . हादसा रात के समय हुआ .
- 27 अप्रैल की सुबह जीरापुर के समीप मान्याखेड़ी में पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी . जिसमें **11 लोग घायल हो गए** . ऑटो में क्षमता से अधिक 9 लोग सवार थे और विवाह सम्मेलन से लौट रहे थे .
- 26 अप्रैल को नरसिंहगढ़ के समीप ब्यावरा रोड़ पर मानपुरादेव गांव के समीप जीप ने मैजिक को टक्कर मार दी . **हादसे में 12 लोग घायल** हो गए . मैजिक में क्षमता से अधिक लोग सवार थे .

## सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**आष्टा.** मंगलवार रात को इंदौर - भोपाल हाईवे मार्ग पर कोठरी के समीप मानाखेड़ी-बोरखेडा रोड पर स्कूटी सवार तीन युवकों को ईको वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी. जिसके चलते दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक को गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल आष्टा में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया. उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है. वहीं हादसे के बाद वाहन भी पलट गया, लेकिन उसमें सवार लोग फरार हो गए.पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 8.45 बजे मानाखेड़ी बोरखेड़ा गांव के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार तीन युवकों को वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी. आमने-सामने की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि इसमें दो लोगों की मौत हो गई.

# स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप-5 आने का लक्ष्य

- नपाध्यक्ष ने भी बैनर- होर्डिंग से परहेज का लिया संकल्प
- देश के टॉप पांच शहरों में शामिल होने का बनाया लक्ष्य

नवभारत न्यूज
**सीहोर 29 अप्रैल. नगर पालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है. इस वर्ष शहर को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने न केवल व्यापक कार्ययोजना तैयार की है, बल्कि जनभागीदारी को अभियान का मुख्य आधार बनाने का संकल्प भी लिया है. इसी क्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में स्वच्छता को प्रभावित करने वाले कारकों को खत्म करने और शहर को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.**



नगर पालिका परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई.

इस दौरान बताया गया कि पिछले वर्ष सीहोर ने 1 लाख से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 6वां स्थान प्राप्त किया था, वहीं मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर शहर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की थी। साथ ही नगर पालिका को Water Plus, ODF++ और GFC x-Star जैसे प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुए थे.

प्रेस वार्ता में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि पिछले वर्ष की सफलता प्रेरणादायक है, लेकिन इस बार लक्ष्य और ऊंचा रखा गया है. उन्होंने कहा कि नगर पालिका इस वर्ष स्वच्छता के सभी मापदंडों पर और अधिक मजबूती से काम करेगी, ताकि सीहोर देश के टॉप-5 स्वच्छ शहरों में अपनी जगह बनाने में सफल हो सके.

# ताप्ती बैराज से दूसरी पाइपलाइन बिछाने बनाई योजना



नवभारत न्यूज
**बैतूल, 29 अप्रैल. शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ताप्ती बैराज से बैतूल तक समानांतर पाइपलाइन बिछाने और एक अतिरिक्त इंटकवेल निर्माण की योजना है। इस परियोजना के एस्टीमेट की अनुमानित लागत करीब 32 करोड़ रूपये है।**

प्रस्ताव के अनुसार ताप्ती बैराज से बैतूल तक पाइप लाइन बिछाई जायेगी। इसके अलावा बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरूस्त करने की कवायद भी जारी है। बताया जा रहा है कि शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछानी पड़ रही है। परियोजना की लागत अधिक होने के पीछे बड़ा कारण इसका तकनीकी और भौगोलिक रूप से जटिल होना भी बताया जा रहा है। वर्तमान में नगरपालिका जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के डैम से पेयजल के लिए पानी प्राप्त कर रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी नहीं है। लोकल एग्रीमेंट पर डब्ल्यूडीआर नपा को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध करा रहा हैं, लेकिन आने वाले तीन से चार वर्षों में ड्रिप एरिगेशन योजनाओं के विस्तार होने से डैम का पानी सिंचाई के लिए प्राथमिकता से उपयोग किया जाएगा।

> सीएमओ साहब ने एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिये थे। एस्टीमेट बनाकर दे दिया गया है। दूसरी पाइप लाइन बिछाने और इंटकवेल बनाने के लिए अनुमानित 30 से 32 करोड़ रूपये खर्च होगे।
> **- नीरज धुर्वे, सब इंजीनियर, नपा बैतूल**



# केंद्र में 24 प्रकरणों का निराकरण

नवभारत न्यूज
**सागर 29 अप्रैल. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरुवाखेड़ा में परिवेदना निवारण शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए 24 प्रकरणों का संकुल स्तर पर ही निराकरण कर दिया गया. विकासखंड स्तरीय समिति की सदस्य सोनम रोहितास एवं प्राचार्य रामलाल अहिरवार की उपस्थिति में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगदान दिया. प्राचार्य रामलाल अहिरवार ने बताया यह शिविर समाधान आपके द्वार की भावना को साकार कर रहा है.

# कुरवाई क्षेत्र में 'हरे सोने' की लूट

नवभारत न्यूज
**कुरवाई 29 अप्रैल, विदिशा जिले के कुरवाई क्षेत्र में इन दिनों हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है. एक ओर वन विभाग कार्रवाई कर अपनी सक्रियता दिखा रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.**

बुधवार को वन विभाग की टीम ने कुरवाई स्थित साहू आरा मशीन पर छापा मारकर उसे सील कर दिया. कार्रवाई के दौरान बबूल, चिरोल, महानिम और सेमर प्रजातियों के 91 नग सतकाष्ठ बरामद किए गए. संचालक गजेन्द्र साहू वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर म.प्र. काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के तहत कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी पिंकी रघुवंशी के नेतृत्व में की गई, जिसमें वन विभाग का अमला मौजूद रहा.

हालांकि, विभागीय कार्रवाई के बावजूद जमीनी हकीकत चिंताजनक बनी हुई है.



कोयले की बढ़ती कीमतों के चलते ईंट भट्टा संचालक सस्ते में नीम, महुआ और बबूल जैसे पेड़ों की कटाई करवा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है.इस पूरे मामले ने स्थानीय प्रशासनिक तंत्र पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. वर्षों पुराने पेड़ों की कटाई के बावजूद पटवारी और स्थानीय सूचना तंत्र की निष्क्रियता संदेह के घेरे में है. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि यह केवल लापरवाही है या फिर किसी स्तर पर मिलीभगत.



# बीज निगम कार्यालय के पास पहुंची नरवाई की आग

नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 29 अप्रैल, का. नगर में बुधवार दोपहर भोपाल बायपास रोड पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब बीज निगम कार्यालय के समीप नरवाई जलाने से लगी आग ने विकराल रूप ले लिया. आग की लपटें तेजी से फैलते हुए कार्यालय परिसर की बाउंड्री तक पहुँच गई.**

हालांकि, दमकल विभाग और स्थानीय लोगों की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा होने से टल गया.

तेज हवाओं ने आग में डाला घी
जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने बीज निगम कार्यालय के पास स्थित एक खेत में नरवाई (फसल अवशेष) जला दी थी. भीषण गर्मी और तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते रौद्र रूप धारण कर लिया. आग आसपास के खेतों को अपनी चपेट में लेते हुए बीज निगम के कार्यालय और मुख्य गोदाम की ओर बढ़ने लगी. परिसर के पास लपटें उठती देख चौकीदार और आसपास मौजूद लोग तुरंत सतर्क हो गए.

दमकल की मशक्कत से टला बड़ा संकट स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फौरन दमकल विभाग को सूचित किया गया. सूचना मिलते ही ब्यावरा से दमकल वाहन मौके पर पहुँचा. दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे कार्यालय परिसर में घुसने से रोका. दमकल प्रभारी रवि शाक्यवार ने बताया कि आग लगने का प्राथमिक कारण खेत में जलाई गई नरवाई ही है। फिलहाल आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

### जिले में बढ़ रही हैं घटनाएं, प्रशासन चिंतित

उल्लेखनीय है कि जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद ऐसी घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं . महज दो दिन पहले भी पराली और नरवाई के धुएं के कारण रेलवे ट्रैक पर विजिबिलिटी शून्य हो गई थी . जिसके चलते दो ट्रेनों को रोकना पड़ा था . लगातार हो रही इन घटनाओं ने जिला प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है .

## निष्पक्ष जांच की मांग

**सागर.** शासकीय अस्पताल मकरोनिया परिसर में शव मिलने की जानकारी लगने पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने मकरोनिया अस्पताल पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली तथा उपस्थित अस्पताल प्रबंधन आदि अन्य से चर्चा करने पर अस्पताल में इलाजरत स्व.नंदू की मौत व शव मिलने पर प्रथम दृष्टया अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही व मौत के लिये जबाबदेही को लेकरडॉ नीना गिडियन संयुक्त संचालक स्वस्थ सेवाएं सागर को वास्तविकता से अवगत कराते हुये मरीज की हुई मौत व शव अस्पताल परिसर में मिलने की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की. डॉ.गिडियन ने जांच व कार्यवाही का भरोसा दिलाया.

# 14 साल के होने पर ही 9वीं में प्रवेश

## उम्र बनी बाधा : कई छात्र-छात्राएं एडमिशन से हो रहे हैं वंचित

नवभारत न्यूज
**राजगढ़ 29 अप्रैल, का. शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए नियम ही अब बच्चों के लिए बाधा बनते नजर आ रहे हैं। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 14 वर्ष आयु पूर्ण होने की अनिवार्यता के कारण कई छात्र-छात्राएं एडमिशन से वंचित हो रहे हैं. ऐसा ही एक मामला जिले में सामने आया है, जहां 8वीं तक लगातार सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने के बावजूद एक छात्रा को महज कुछ महीनों की उम्र कम होने के कारण 9वीं में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है.**

जानकारी के अनुसार राधिका (परिवर्तित नाम) ने नगर के पुलिस लाइन स्थित शासकीय स्कूल से कक्षा 1 से 8वीं तक नियमित अध्ययन किया। इसके बाद उसने उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली, लेकिन 14 वर्ष की आयु पूर्ण होने में लगभग 4 माह की कमी के चलते विद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश देने से इनकार कर दिया.

छात्रा के पिता अपनी बेटी का भविष्य संवारने के लिए एक स्कूल से दूसरे स्कूल के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर जगह आयु संबंधी नियम आड़े आ रहा है। इससे न केवल छात्रा का शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है, बल्कि परिवार मानसिक और प्रशासनिक परेशानी भी झेल रहा है.

> कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए निर्धारित आयु सीमा ( 14 वर्ष पूर्ण ) इस छात्रा के लिए बड़ी बाधा बन गई है . राधिका ने 8वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास की, लेकिन उम्र पूरी न होने के कारण उसे प्रवेश नहीं दिया गया . इसके बाद परिजन अन्य शासकीय विद्यालयों में भी संपर्क कर चुके हैं, पर समाधान नहीं निकल पाया है . यह मामला न केवल एक छात्रा की समस्या है, बल्कि उन तमाम बच्चों की स्थिति को उजागर करता है जो उम्र संबंधी तकनीकी शर्तों के कारण शिक्षा से वंचित हो रहे हैं . अब देखना होगा कि प्रशासन इस दिशा में क्या राहत देता है .

# सरकारी कैमरों की हकीकत हुई उजागर

नवभारत न्यूज
**विदिशा 29 अप्रैल, शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने सरकारी निगरानी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. एक बकरा चोरी की घटना भले ही छोटी लगे, लेकिन इसने शहर में लगे सरकारी सीसीटीवी कैमरों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है. घटना के बाद जब पुलिस ने आसपास के कैमरों की फुटेज खंगालनी चाही, तो पता चला कि अधिकांश सरकारी कैमरे या तो बंद पड़े हैं या फिर सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं.**



जानकारी के अनुसार, यह घटना शहर के एक नजदीकी गांव की बताई जा रही है. सरकारी कैमरे लगाए गए हैं. लेकिन मौके पर जांच के दौरान पुलिस को निराशा हाथ लगी. कई कैमरे लंबे समय से बंद पड़े थे, कुछ की रिकॉर्डिंग सिस्टम खराब था, तो कुछ कैमरों का एंगल ही सही नहीं था. ऐसे में चोरी की वारदात कहीं भी रिकॉर्ड नहीं हो सकी और पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा.

स्थिति यह रही कि पुलिस को मजबूर होकर आसपास के दुकानों, घरों और निजी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद लेनी पड़ी. निजी कैमरों की फुटेज के आधार पर ही जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है.

> जिले के करारिया थाना क्षेत्र में बकरा चोरी का मामला सामने आया है . ग्राम करारिया निवासी रकीब खान ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर खेत से बकरा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है . आवेदन के अनुसार पीड़ित का 14 महीने का सफेद रंग का बकरा, जिसके लाल चित्ते थे, खेत पर चरने के लिए छोड़ा गया था . बकरे की कीमत करीब 16 हजार रुपए बताई गई है . पीड़ित ने बताया कि 26 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 1 बजे उसका बकरा चोरी हो गया . काफी तलाश करने के बाद भी बकरे का कोई सुराग नहीं लग सका .

**कार्रवाई** | 1 .50 लाख का डोडाचूरा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

# राजस्थान की सीमा पर दबोचा अंतर्राज्यीय तस्कर

नवभारत न्यूज
**गुना। अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। फतेहगढ़ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 1.50 लाख रुपये मूल्य का डोडाचूरा और तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई है। घटना 28 अप्रैल 2026 की शाम की है।**



पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में फतेहगढ़ पुलिस की टीम सेनबोर्ड-छबड़ा रोड पर ग्राम पाखार के मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान राजस्थान के छबड़ा की ओर से एक काले रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस को सामने देख उसने घबराकर मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जगतार सिंह (32) निवासी ग्राम पथरिया, फतेहगढ़ बताया। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली, तो उसमें 15.220 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मिला। पुलिस ने 1.50 लाख रुपये का नशा और करीब 70 हजार रुपये की मोटर साइकिल सहित कुल 2.20 लाख रुपये का मशरुका जब्त किया है।

> ### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज
> थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि तस्कर यह नशा कहाँ से लाया था और क्षेत्र में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी।

## किसानों की सुविधा हेतु बढ़ी स्लॉट बुकिंग

**राजगढ़ 29 अप्रैल, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है. उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार तौल कांटों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी. अब किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी. प्रक्रिया को और सरल एवं सुगम बनाया गया है. साथ ही, एनआईसी के माध्यम से स्लॉट बुकिंग की तकनीकी क्षमता भी बढ़ाई गई है, जिससे स्लॉट बुकिंग में आने वाली समस्याओं का समाधान होगा.

## एक नजर में




### पेंशन हितग्राहियों को कलेक्टर ने दिए स्वीकृति पत्र

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के. और जिले के पेंशन हितग्राही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशि अंतरण कार्यक्रम में शामिल हुए. कलेक्टर ने जिले के अनेक पेंशन हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए. इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि पेंशन योजनाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए महत्वपूर्ण सहारा हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ सुनिश्चित किया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे. इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, सहायक संचालक महेश यादव सहित अनेक हितग्राही उपस्थित थे.

### मेहनत और संकल्प से मिली सफलता

**गंजबासौदा,** गंजबासौदा तहसील के ग्राम गमाकर निवासी कुलदीप रघुवंशी ने अपने अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल कर मिसाल पेश की है. साधारण किसान परिवार में जन्मे कुलदीप के माता-पिता ने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें गंजबासौदा के सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाया.वर्ष 2015 में हाई स्कूल के बाद उन्हें आईटीआई की जानकारी मिली, जहां कम समय में बेहतर भविष्य की संभावना ने उन्हें प्रेरित किया. उन्होंने आईटीआई गंजबासौदा से स्टेनोग्राफर (हिंदी) ट्रेड में 2022 में डिप्लोमा प्राप्त किया.इसके बाद वर्ष 2023 में कर्मचारी चयन आयोग की स्टेनोग्राफर परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर उन्होंने अपनी प्रतिभा साबित की. प्रारंभिक नियुक्ति नई दिल्ली में हुई, वर्तमान में वे कलेक्ट्रेट विदिशा में कलेक्टर स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं.उनकी सफलता युवाओं को मेहनत और सही दिशा से लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश देती है.

### भगवान नरसिंह जयंती आज, होंगे आयोजन

**नरसिंहगढ.** नगर के आराध्य कुलदेवता भगवान नृसिंह की जयंती आज गुरुवार को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी. जयंती को लेकर थावरिया स्थित प्राचीन श्री नृसिंह मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं और मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है. इस उपलक्ष्य में प्रात भगवान नृसिंह की प्रतिमा का अभिषेक एवं विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी. दिन भर श्रद्धालुओं का दर्शन हेतु आगमन रहेगा. वहीं शाम को सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंग.

### नरवाई न जलाने की शपथ

**विदिशा.** ग्राम बागरोदा पथरिया में पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि सुधार को ध्यान में रखते हुए किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर खेती में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा.इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कृषि विभाग के अमले ने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है. इससे लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं और आने वाली फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत असर पड़ता है.

### पशु कोठे में आग लगने से 5 मवेशी झुलसे

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम सांडिया में बुधवार की दोपहर लगभग करीब 1.50 बजे एक किसान के खेत मे स्थित कोठे मे आग लगने से 5 मवेशी आग की चपेट मे आने से बुरी तरह झूलस गए। बताया जाता है बुधवार की दोपहर ग्राम सांडिया मे किसान विनायक भूजाडे के खेत स्थित पशु कोठे में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवाओ के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि कोठे में बंधे 5 मवेशी आग की चपेट में आने से बुरी तरह झूलस गए। तेज हवाओ से फैली आग ने आसपास के खेतों की भी अपनी चपेट मे ले लिया। जिससे खेतों की नरवाई, भूसा एवं पेड़ जल गए। सूचना मिलते ही नगर पालिका के दोनों फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।